भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
व्यय विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 721

मंगलवार, 24 जुलाई, 2018/2 श्रावण, 1940 (शक)

बुंदेलखंड पैकेज योजना के अन्तर्गत अवमुक्त निधियां

721. श्री संजय सिंह:
क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) सरकार ने बुंदेलखंड विकास पैकेज योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड के सात जिलों के विकास कार्यों के लिए अब तक कुल कितनी धनराशि अवमुक्त की है और अभी कितनी धनराशि देना शेष है;
(ख) अवमुक्त धनराशि से कुल कितने कार्य करवाए जाने प्रस्तावित थे, उनमें से कितने अपूर्ण हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) अवमुक्त धनराशि का विभाग-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) अवमुक्त धनराशि का जिले-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. राधाकृष्णन)

(क): वर्ष 2009-10 से 2017-18 तक उत्तर प्रदेश को बुंदेलखंड पैकेज के तहत कुल 3107.87 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।
(ख) से (घ):वर्ष 2017-18 में जारी की गई 917.20 करोड़ रुपए की पिछली किस्त में से नीति आयोग द्वारा नई परियोजनाओं के लिए 803.57 करोड़ रुपए और चालू परियोजनाओं के लिए 113.63 करोड़ रुपए आबंटित किए गए हैं। परियोजना-वार आबंटित धनराशि का ब्यौरा अनुबंध-क में दिया गया है।

उत्तर प्रदेश को बुंदेलखंड पैकेज के तहत 917.20 करोड़ रुपए की पिछली किस्त में से चालू और नई परियोजनाओं के लिए धनराशि के आबंटन का ब्यौरा।

क्र.सं.	परियोजनाएं	आबंटित धनराशि (करोड़ रुपए)
	चालू परियोजनाएं	
1	**सिंचाई विभाग**	
1.1	बंदाई बांध परियोजना	77.47
2	**डेयरी विकास**	
2.1	डेयरी सहकारी समितियों का पुनरुद्धार (सहकारी समितियों की स्थापना/पुनर्गठन)	3.85
3	**कृषि विभाग**	
3.1	जल संचयन रोधक बांध	25.25
4	**बागबानी विभाग**	
4.1	**फसल पश्चात् प्रबंधन अवसंरचना**	
4.1.1	पकाई चेम्बर (50-50 एमटी क्षमता के 22 चेम्बर)	3.85
4.1.2	प्याज भंडारण (25-25 एमटी की क्षमता के 72 भंडार)	0.63
4.1.3	कृषि भूमि पर पैक हाउस (81)	1.62
4.1.4	लघु प्रसंस्करण इकाईयां (96)	0.96
	जोड़	**113.63**
	नई परियोजनाएं	
1	**सिंचाई परियोजना**	
1.1	शाजद बांध सेचक सिंचाई परियोजना	89.88
1.2	कुपहाड़ सेचक सिंचाई परियोजना	76.49
1.3	मझगाँव मिर्च सेचक सिंचाई परियोजना	18.24
2	**लघु सिंचाई परियोजनाएं**	
2.1	रोधक बांधों का निर्माण	100.54
2.2	तालाबों की मरम्मत	130.20
2.3	नए डगवेल और ब्लासटवेल का निर्माण	105.29
3	**डेयरी विकास**	
3.1	बांदा में 1 लाख लिटर क्षमता वाली डेयरी की स्थापना	103.16
4	**बागबानी विभाग**	
4.1	किसानों के लिए सूक्ष्म सिंचाई - बूंद सिंचाई व्यवस्था	23.75
4.2	किसानों के लिए सूक्ष्म सिंचाई- सेचक सिंचाई व्यवस्था	36.02
5	**पशुधन विकास**	
5.1	महिला संवर्धन सिगड़ी परियोजना	70.00
5.2	बुंदेलखंड क्षेत्र में स्थापित 120 एआई केन्द्रों का सुदृढ़ीकरण और 52 नए एआई केन्द्रों की स्थापना	25.00
5.3	बुंदेलखंड क्षेत्र में पशुधन विकास के माध्यम से महिला आजीविका के लिए क्षमता विकास और जागरूकता	25.00
	जोड़	**803.57**
	कुल जोड़	**917.20**

*****